एग्रीस्टेक पंजीयन और पैक्स सदस्यता अभियान में लापरवाही बर्दाश्त नहीं : कलेक्टर

नवभारत न्यूज

भिंड 22 अगस्त. कलेक्टर एवं बैंक प्रशासक भिंड की अध्यक्षता में जिले के सभी शाखा प्रबंधक, बैंकिंग सहायक, समिति प्रबंधक, सहायक समिति प्रबंधक एवं

बैंक शाखा प्रबंधकों एवं समिति प्रबंधकों की बैठक में कलेक्टर ने दिए अभियान को युद्धस्तर पर चलाने के निर्देश

संस्था कम्प्यूटर ऑपरेटरों की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। बैठक में पैक्स सदस्यता अभियान, केसीसी सैचुरेशन, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, कालातीत ऋण वसूली, खाद के अग्रिम भंडारण एवं वितरण, सीएम हेल्पलाइन तथा

ऋण वितरण सहित विभिन्न विषयों की समीक्षा की गई। बैठक में उप संचालक कृषि, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला सहकारी केंद्रीय बैंक भिंड सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

15 सितंबर तक चलेगा विशेष अभियान

कलेक्टर ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार जिले में 20 अगस्त से 15 सितंबर 2026 तक 'एग्रीस्टेक पंजीयन, पैक्स सदस्यता एवं अग्रिम उर्वरक उठाव अभियान' संचालित किया जा रहा है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि अभियान को महज औपचारिक पंजीयन तक सीमित न रखते हुए किसानों तक इसकी सुविधाओं की व्यावहारिक जानकारी पहुंचाई जाए। अभियान का उद्देश्य रबी वर्ष 2026-27 में किसानों को उर्वरकों के संतुलित एवं विवेकपूर्ण उपयोग के लिए प्रेरित करना, फसल की आवश्यकता के अनुरूप उर्वरक की अग्रिम उपलब्धता सुनिश्चित करना, ई-विकास प्रणाली के माध्यम से ई-टोकन जनरेट कराना तथा एग्रीस्टेक पोर्टल की सुविधाओं का लाभ किसानों तक पहुंचाना है। साथ ही अधिक से अधिक किसानों को पैक्स का सदस्य बनाने पर भी जोर दिया गया।

एनएसयूआई की संगठनात्मक बैठक में छात्रसंघ चुनाव की तैयारियों पर मंथन

नवभारत न्यूज

भिंड 22 अगस्त. एनएसयूआई मध्यप्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष आशुतोष चौकसे के भिंड प्रवास के दौरान द किंग एम्पीरियल होटल में एनएसयूआई की संगठनात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में

प्रदेशाध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं से एकजुट होने का किया आह्वान

आगामी छात्रसंघ चुनाव की तैयारियों, संगठन को मजबूत करने तथा छात्रहित से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की गई।

बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष आशुतोष चौकसे ने कार्यकर्ताओं से आगामी छात्रसंघ चुनाव के लिए एकजुट होकर मजबूत रणनीति के साथ कार्य

करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि संगठन को कॉलेज स्तर तक मजबूत करते हुए विद्यार्थियों की समस्याओं और उनके अधिकारों को प्रमुखता से उठाया जाना चाहिए।

कॉलेज स्तर तक संगठन मजबूत करने पर जोर

एनएसयूआई भिंड जिला अध्यक्ष अंकित तोमर ने कहा कि आगामी छात्रसंघ चुनाव को लेकर एनएसयूआई भिंड पूरी मजबूती के साथ मैदान में उतरेगी। संगठन को कॉलेज स्तर तक मजबूत करने और विद्यार्थियों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाने के लिए कार्ययोजना तैयार कर उस पर काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों से जुड़े मुद्दों को लेकर संगठन लगातार सक्रिय रहेगा और छात्रहित की आवाज को प्रभावी ढंग से उठाया जाएगा।

वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं ने दिया मार्गदर्शन- बैठक में ग्रामीण जिला कांग्रेस अध्यक्ष रामशेष बघेल, नगर कांग्रेस अध्यक्ष संतोष त्रिपाठी, राहुल कुशवाह, जिला पंचायत सदस्य राजवीर बघेल एवं हस्ड्ढ के पूर्व जिला अध्यक्ष अतुल मिश्रा सहित कांग्रेस एवं हस्ड्ढ के पदाधिकारी उपस्थित रहे। वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं ने हस्ड्ढ कार्यकर्ताओं को संगठनात्मक मजबूती के साथ छात्रहित के मुद्दों पर सक्रियता से कार्य करने का मार्गदर्शन दिया। बैठक का संचालन मनीष शिवहरे ने किया। बैठक में बड़ी संख्या में हस्ड्ढ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने आगामी छात्रसंघ चुनाव को लेकर संगठन को मजबूत करने और विद्यार्थियों के बीच सक्रियता बढ़ाने का संकल्प लिया।

सुरेश मिश्रा ने संभाला गोरमी थाना में उप निरीक्षक का पदभार

नवभारत न्यूज

गोरमी 22 अगस्त. पुलिस अधीक्षक कार्यालय भिंड के आदेश 17 अगस्त. के अनुपालन में उपनिरीक्षक सुरेश मिश्रा ने आज

एसपी कार्यालय के आदेश पर की ज्वाइनिंग

गोरमी थाने में पहुंचकर उप निरीक्षक के रूप में अपना पदभार ग्रहण कर लिया है। कार्यभार संभालते ही उन्होंने थाना परिसर का निरीक्षण किया और अधीनस्थ पुलिसकर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

पदभार ग्रहण करने के बाद नवागत उप निरीक्षक सुरेश मिश्रा ने अपनी प्राथमिकताएं स्पष्ट करते हुए कहा कि क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखना और आम जनता में सुरक्षा की

भावना पैदा करना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि अपराधियों और असामाजिक तत्वों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी, जबकि आम नागरिकों के लिए थाने के दरवाजे हमेशा खुले रहेंगे. क्षेत्रीय लोगों और स्थानीय पुलिस स्टाफ ने नवागत उप निरीक्षक सुरेश मिश्रा का स्वागत किया और उम्मीद जताई कि उनके अनुभवों का लाभ गोरमी क्षेत्र की शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था को और बेहतर बनाने में मिलेगा।

चातुर्मास में धर्म, आध्यात्म और संस्कारों से जुड़े होंगे विविध आयोजन

नवभारत न्यूज

भिंड 22 अगस्त. शहर के बताशा बाजार स्थित जैन चैत्यालय मंदिर में आर्यिका श्री 105 विजि ?ज्ञासा माताजी के सानिध्य में प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई। इस दौरान चातुर्मास के दौरान

आर्यिका श्री 105 विजिज्ञासा माताजी के सानिध्य में प्रेस कॉन्फ्रेंस, सभी समाजों से कार्यक्रमों में शामिल होने की अपील

आयोजित होने वाले विभिन्न धार्मिक, आध्यात्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों की जानकारी दी गई। जैन समाज के पदाधिकारियों ने चातुर्मास के कार्यक्रमों में अधिक से अधिक लोगों से शामिल होकर धर्मलाभ लेने की अपील की।

प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित

करते हुए आर्यिका विजिज्ञासा माताजी ने कहा कि चातुर्मास संतों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण समय होता है। इस अवधि में संत एक ही स्थान पर रहकर धर्म, आध्यात्म और समाज को संस्कारों से जोड़ने का कार्य करते हैं। चातुर्मास के दौरान नियमित रूप से धार्मिक प्रवचन, पूजन, स्वाध्याय सहित विभिन्न आध्यात्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि इन आयोजनों का उद्देश्य समाज के लोगों को धर्म और आध्यात्म से जोड़ने के साथ युवा पीढ़ी को भारतीय संस्कृति, संस्कार और नैतिक मूल्यों के प्रति जागरूक करना है। धार्मिक आयोजनों के माध्यम से समाज में सकारात्मक विचारों और सद्भावना को बढ़ावा देने का प्रयास किया जाएगा।

सभी समाजों से शामिल होने की अपील

प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान चातुर्मास के दौरान होने वाले कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी भी साझा की गई। जैन समाज के लोगों ने कहा कि चातुर्मास केवल जैन समाज तक सीमित नहीं है, बल्कि धर्म और आध्यात्म से जुड़ने का अवसर है। उन्होंने जैन समाज के साथ-साथ अन्य सभी समाजों के लोगों से भी अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रमों में शामिल होकर धर्मलाभ लेने की अपील की। उन्होंने कहा कि संतों के सानिध्य में होने वाले धार्मिक एवं आध्यात्मिक कार्यक्रम समाज में संस्कार, सद्भाव और नैतिक चेतना को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

सांदीपनी उत्कृष्ट विद्यालय में विधिक साक्षरता शिविर मौलिक अधिकारों और कर्तव्यों की भी दी जानकारी

भिंड 22 अगस्त. मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के.एस. बारिया एवं न्यायाधीश/सचिव अनुभूति गुप्ता के मार्गदर्शन में शासकीय सांदीपनी उत्कृष्ट नं.-2 विद्यालय भिंड में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर का आयोजन नालसा द्वारा संचालित 'असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिए विधिक सेवाएं योजना' एवं 'नालसा जाग्रति योजना' के अंतर्गत 'सशक्त युवा, सशक्त भारत' अभियान के तहत किया गया। कार्यक्रम में न्यायाधीश आकाश शर्मा ने विद्यार्थियों को विभिन्न कानूनी विषयों की जानकारी दी। न्यायाधीश आकाश शर्मा ने विद्यार्थियों को वर्तमान समय में बढ़ रहे साइबर फ्रॉड के प्रति जागरूक करते हुए बताया कि ठग फर्जी कॉल, मैसेज और लिंक के माध्यम से लोगों को अपने जाल में फंसाकर बैंक खातों से राशि निकाल लेते हैं अथवा उनकी महत्वपूर्ण निजी जानकारी का दुरुपयोग कर सकते हैं।

सूर्या रोशनी लिमिटेड की पर्यावरण संरक्षण की दिशा में अनूठी पहल

नवभारत न्यूज

मालनपुर 22 अगस्त. सूर्या रोशनी लिमिटेड परिसर में पद्मश्री जे.पी. अग्रवाल (चेयरमैन) के मार्गदर्शन एवं निर्देशानुसार 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत एक गरिमामय वृक्षारोपण कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया

'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत किया गया वृक्षारोपण

गया। इस विशेष अभियान का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण संतुलन को बढ़ावा देने के साथ-साथ मातृत्व शक्ति को नमन करना रहा। कार्यक्रम के दौरान कंपनी परिसर में विभिन्न प्रकार के 200 से अधिक फलदार व छायादार पौधे उत्साहपूर्वक रोपे गए, साथ ही उनके उचित रखरखाव और नियमित सिंचाई का भी संकल्प लिया गया। कंपनी का लक्ष्य

1000 पौधे लगाने का है। पूर्व में कम्पनी में करीब 10000 छायादार और फलदार वृक्ष लगाए जा चुके है। इस गरिमामय आयोजन में सूर्या रोशनी लिमिटेड के उच्च प्रबंधन, समस्त विभागाध्यक्षों एवं स्थानीय प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम में मुख्य रूप से निरीक्षक प्रदीप कुमार सोनी थाना प्रभारी मालनपुर, सुरेंद्र शर्मा पूर्व सरपंच,शमीम खान एएसआई, ब्रजेश कुमार नगर परिषद् मालनपुर, तपन कुमार बंद्योपाध्याय (प्लांट हेड), मुकुल चतुर्वेदी (एच आर हेड), सौरभ भार्गव (चीफ कोऑर्डिनेटर), संजय सिंघल (हेड - अकाउंट्स), पुरुषोत्तम लाल (सीनियर मैनेजर एच आर, संजय सिंह कुशवाह (सीनियर मैनेजर - लीगल), कैप्टन जीत पाल (सी एस ओ), विनोद आसरे (वेलफेयर ऑफिसर), वीरेंद्र दहायत (सीनियर मैनेजर - पर्यावरण एवं सुरक्षा), डॉ सुरेंद्र शर्मा (ओ एच ई)एवं समस्त विभागाध्यक्ष विशेष रूप से मौजूद रहे। सभी अतिथियों एवं अधिकारियों ने पौधारोपण कर समाज को पर्यावरण सुरक्षा और हरियाली बढ़ाने का संदेश दिया।

धूमधाम से नगर के प्रमुख मार्गों से होकर निकली संत रविदास समरसता संकल्प यात्रा

नवभारत न्यूज

लहार 22 अगस्त. संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज की जयंती के उपलक्ष्य में सामाजिक समरसता एवं समानता का संदेश

लहार नगर में जगह-जगह हुआ भव्य स्वागत

लेकर निकली संत रविदास समरसता संकल्प यात्रा शनिवार को लहार नगर में धूमधाम एवं उत्साह के साथ निकली,नगर के विभिन्न प्रमुख मार्गों से होकर निकली यात्रा का जगह-जगह पुष्पवर्षा, पूजन एवं माल्यार्पण कर भव्य स्वागत किया गया,यात्रा पूर्व दिवस नगर के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल बनखंडेश्वर महादेव मंदिर पहुंची थी। शनिवार को यहां पूज्य महाराज देवपुरी जी एवं विवेक उपाध्याय द्वारा वैदिक रीति-रिवाज से पवित्र कलश का पूजन कराया गया, जिसके पश्चात यात्रा का विधिवत शुभारंभ हुआ,यात्रा में प्रदेश संयोजक एवं जिले के संत रविदास यात्रा टोली प्रभारी संजीव नायक, जिले के मंत्री चंद्रशेखर उपाध्याय, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष डॉ. विनोद तिवारी, भाजपा मंडल अध्यक्ष सुभाष अग्निहोत्री, यात्रा संयोजक कैप्टन राम बहादुर सिंह, मंडल मंत्री संजीव चौधरी, वरिष्ठ भाजपा नेता नरेश बघेल एडवोकेट, वरिष्ठ पार्षद केदार सिंह राजावत, वरिष्ठ भाजपा नेता अशोक राठौर, वरिष्ठ पार्षद सतीश महाते, रणवीर राठौर, नीलम शर्मा, अश्वनी चौधरी उर्फ मुंशी, पूर्व सरपंच भटपुरा, मनोज दूरवार, श्रीनिवास उपाध्याय चूली, अनिल बिरथरिया, ह्रदेश नायक दबोह, सतीश पाराशर, दुर्गेश शाक्य, राजीव पुरोहित, रामस्नेही गुप्ता, रोहित त्रिपाठी, छोटू शुक्ला, अन्नू त्रिपाठी, कमल किशोर शर्मा, हरिओम दीक्षित, कृपाल बघेल, मुनेश बघेल, नरेंद्र कुशवाह, विशाल चौरसिया सहित अनेक

कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

यात्रा नगर के महाराणा प्रताप चौक से होते हुए संत रविदास विद्यालय पहुंची, जहां पवित्र कलश का पूजन एवं माल्यार्पण किया गया। इसके बाद यात्रा मां मंगलादेवी होते हुए विधायक निवास पहुंची, जहां विधायक प्रतिनिधि अंगद शुक्ला ने यात्रा का स्वागत किया। यात्रा आगे बढ़ते हुए तालेश्वर सरकार पहुंची, जहां विधि-विधान से कलश का पूजन किया गया। इसके पश्चात सामूहिक रूप से रामधुन का गायन कर यात्रा का समापन किया गया।

नगर में यात्रा का गिरिजा परिहार, डॉ. विनोद तिवारी, सतीश महाते, चंकी गिलहरी, सुशील दूरवार, छोटू शुक्ला एवं अन्नू त्रिपाठी सहित विभिन्न स्थानों पर श्रद्धापूर्वक पूजन एवं माल्यार्पण कर स्वागत किया गया।

यात्रा के जिला प्रभारी एवं प्रदेश संयोजक संजीव नायक ने कहा कि संत रविदास समरसता यात्रा का उद्देश्य संत रविदास जी महाराज के जीवन, विचारों और उनके द्वारा दिए गए समानता, सामाजिक न्याय, श्रम, भक्ति एवं मानवता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाना है।

पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष डॉ. विनोद तिवारी ने कहा कि संत रविदास जी की अटूट भक्ति और तपस्या से जुड़ी कठौती में गंगा प्रकट होने की मान्यता केवल आस्था का प्रतीक नहीं है, बल्कि यह संदेश देती है कि सच्ची श्रद्धा, निर्मल मन और सदाचार के माध्यम से ईश्वर की अनुभूति की जा सकती है।

कार्यक्रम के अंत में भाजपा मंडल अध्यक्ष सुभाष अग्निहोत्री ने आभार व्यक्त किया. कार्यक्रम का संचालन मंडल मंत्री संजीव चौधरी ने किया। लहार मंडल में यात्रा के समापन के पश्चात संत रविदास समरसता संकल्प यात्रा असवार मंडल के लिए रवाना हुई, जहां मंडल अध्यक्ष दलवीर सिंह बघेल सहित कार्यकर्ताओं द्वारा यात्रा का स्वागत किया गया।

एनएसएस स्वयंसेवकों ने दिया सद्भावना और राष्ट्रीय एकता का संदेश

नवभारत न्यूज

भिंड 22 अगस्त. शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक-1, भिण्ड की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई द्वारा सद्भावना सप्ताह (20 से 26 अगस्त) के अंतर्गत विद्यालय परिसर में संगोष्ठी एवं सद्भावना मानव श्रृंखला कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों ने आपसी भाईचारे, सामाजिक समरसता और राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ सद्भावना गीत 'हम होंगे कामयाब एक दिन' एवं 'जय जगत-जय जगत पुकारे जा' की प्रस्तुति के साथ हुआ।

सद्भावना दिवस के महत्व पर डाला प्रकाश- संगोष्ठी में इतिहास शिक्षक गौरव कुमार गर्ग ने सद्भावना दिवस के ऐतिहासिक महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने विद्यार्थियों को सामाजिक एकता और आपसी भाईचारे के महत्व से अवगत कराया। वोकेशनल शिक्षक भूपेन्द्र सिंह कुशवाह ने युवाओं को खेल के माध्यम से करियर निर्माण कर

राष्ट्र विकास में योगदान देने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि खेलों के माध्यम से आपसी भाईचारा, सहृदयता, समरसता और सद्भावना की भावना विकसित होती है। खेल राष्ट्रीय एकता और अखंडता को मजबूत करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. धीरज सिंह गुर्जर ने बताया कि पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी की जयंती 20 अगस्त को प्रतिवर्ष देशभर में सद्भावना दिवस के रूप में मनाई जाती है। इसका उद्देश्य विभिन्न धर्म, भाषा और जाति के लोगों के बीच प्रेम, भाईचारे और राष्ट्रीय एकता की भावना को मजबूत करना है।

एनएसएस स्वयंसेवकों का रहा विशेष सहयोग

कार्यक्रम प्राचार्य पी.एस. चौहान के निर्देशन एवं एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. धीरज सिंह गुर्जर के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। इसमें विद्यालय का स्टाफ एवं बड़ी संख्या में एनएसएस स्वयंसेवक उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में स्वयंसेवक श्रेया शिवहरे, नृपेंद्र गौतम, नीतेश, विजय कुमार, संध्या, मुस्कान, लक्ष्मी, अदिति, पायल, राखी, नंदिनी, सलोनी, चेताली, शालू, नेहा, मनुष्का, आदित्य एवं अरविंद का विशेष सहयोग रहा।

रक्षाबंधन पर युवाओं ने लिया नशामुक्ति का संकल्प, गायत्री परिवार ने उदोतगढ़ और जावासा में चलाया जागरूकता अभियान

नवभारत न्यूज

भिंड 22 अगस्त. रक्षाबंधन के पावन पर्व को सामाजिक जागरूकता से जोड़ते हुए अखिल विश्व गायत्री परिवार, जिला केन्द्र प्रज्ञापीठ गायत्री मंदिर कुम्हरौआ द्वारा अटेर क्षेत्र के नेताजी सुभाष उच्चतर माध्यमिक विद्यालय उदोतगढ़ एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जावासा में नशामुक्ति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराते हुए स्वस्थ एवं संस्कारवान जीवन अपनाने के लिए प्रेरित किया गया।

80 विद्यार्थियों ने लिया नशामुक्ति का संकल्प- उदोतगढ़ विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में करीब 80 विद्यार्थियों ने सहभागिता की। इस दौरान विद्यार्थियों को नशे से होने वाले शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक दुष्परिणामों की जानकारी दी गई तथा उन्हें नशामुक्ति के संकल्प पत्र वितरित

किए गए। रक्षाबंधन के अवसर पर विद्यार्थियों से आह्वान किया गया कि वे अपनी बहनों एवं परिवार के सामने नशे से दूर रहने और स्वस्थ जीवन जीने का संकल्प लें।

'रक्षा' का अर्थ स्वयं को बुरी आदतों से बचाना भी

कार्यक्रम में बताया गया कि रक्षा का अर्थ केवल बहन की रक्षा करना नहीं है, बल्कि स्वयं को नशे जैसी बुरी आदतों से बचाना भी है। युवाओं के व्यक्तिगत संकल्प से ही स्वस्थ परिवार और नशामुक्त समाज की मजबूत नींव रखी जा सकती है। जावासा विद्यालय में भी विद्यार्थियों को नशे के शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक दुष्परिणामों के बारे में जानकारी देकर नशामुक्त जीवन अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम विद्यालय के प्राचार्य राजीव शर्मा के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ। उदोतगढ़ कार्यक्रम में प्राचार्य इंद्रपाल सिंह नागर सहित उदित नारायण दीक्षित, अजय कुमार, सुनील रमन, छत्रपाल सिंह तोमर, विमल पाराशर, मनोज कौशल, सपना प्रजापति, रानी भदौरिया, मुनेंद्र सिंह चौहान, महेंद्र सिंह, मयंक राजावत, अभिलाख राजपूत, अविनाश यादव, संजय सिंह, इंद्रजीत सिंह, दीपक कुमार, विजेंद्र सिंह बघेल एवं छविराम सिंह सहित विद्यालय स्टाफ एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।